तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार, 23 अगस्त 2025



10 मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर जताया रोष





10 न्याय पाना हर नागरिक का कानूनी अधिकार




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में घायल ने तोड़ा दम, मामला दर्ज

**जींद।** रोहतक रोड बाईपास पर सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की पीजीआई रोहतक में उपचार के दौरान मौत हो गई। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार फरार कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। मटोर निवासी राजपाल ने शिकायत में बताया कि गत 19 अगस्त को उसका भाई दीपक बाइक पर सवार होकर रोहतक रोड बाईपास से गुजर रहा था।

### जेसीबी की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** कस्बा पूंडरी के निकट जेसीबी मशीन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। रमाना रमानी के जोगेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 को रात 7:30 बजे कस्बा पूंडरी से जा रहा था तो अज्ञात चालक ने जेसीबी को तेज गति लापरवाही से चलते उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### ट्रक से बारह किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद, चालक दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ नरवाना ने गांव उझाना के निकट ट्रक चालक को काबू कर उसके कब्जे से 12 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। गढ़ी थाना पुलिस ने पकड़े गए ट्रक चालक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ नरवाना गांव उझाना के निकट आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखे हुए थी।

### जमीन खरीद फरोख्त में धोखाधड़ी, मामला दर्ज

**कैथल।** थाना शहर पुलिस ने जमीन की खरीद फरोख्त में धोखाधड़ी के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शकुंतला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने कुछ पूर्व नीम साहिब गुरुद्वारा के निकट पट्टी खोत में एक प्लाट खरीदा था। आरोप है कि मुकेश ने उक्त प्लाट की खेवट में धोखाधड़ी करते उसे प्लांट को किसी अन्य को बेच दिया।

### 942 ग्राम चरस समेत कार सवार दो गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने गांव चाबरी के निकट कार सवार दो लोगों को काबू कर गाड़ी से 942 ग्राम चरस बरामद की है। सदर थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ कर्मी गोहाना रोड पर आने जाने वाले वाहनों की जांच कर रहे थे।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कस्बा चीका में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव बिछिया के रशिमत ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 अगस्त को जब वह बलबेहड़ा रोड चीका से जा रहा था तो इस समय अमित व उसके अन्य दोस्त वीरेंद्र, काका, साहिल, चीनू ने मिलकर मारपीट करते उसे घायल कर दिया।

### दवा डाल फसल खराब करने पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव दरोलीखेड़ा खेतों में रंजिशन दवाई डाल कर धान फसल खराब करने पर उचाना थाना पुलिस ने एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उचाना खुर्द निवासी मंदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खेत गांव दरोलीखेड़ा में है। जिसमे उसने धान लगाई थी। खेत की पड़ोसी दरोलीखेड़ा निवासी राजबाला रंजिश रखे है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितंबर को

**कैथल।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के अध्यक्ष तथा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. अमित गर्ग की देखरेख में 13 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

# सीएम उड़नदस्ते ने जनकपुरी कॉलोनी में किया अवैध पटाखा फैक्टरी का भंडाफोड़

## मकान में अवैध रूप से संचालित हो रही पटाखा फैक्ट्री, कालोनीवासियों को सता रहा था आगजनी का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के जनकपुरी कॉलोनी में एक घर में अवैध रूप से संचालित हो रही पटाखा फैक्ट्री पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने दबिश दी। मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने ने एक गुप्त सूचना के आधार पर यह दबिश दी और जांच की। इस दौरान टीम को यहां पर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली, जिसे टीम ने बरामद कर लिया।

इस कार्रवाई में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने के साथ दमकल विभाग और पुलिस विभाग की टीम भी शामिल रही। गुप्त सूचना में टीम को जानकारी मिली थी कि जनकपुरी कॉलोनी के रिहायशी इलाके में यह अवैध फैक्ट्री लंबे समय से चल रही थी, जहां पटाखे बनाने का सामान खुले में सुखाया जाता था। इससे आसपास के निवासियों में आगजनी का खतरा बना रहता है। वहीं, पुलिस और प्रशासन इस मामले में संलिप्त लोगों की पहचान और कार्रवाई के लिए जांच की जा रही है। इस घटना ने रिहायशी इलाकों में अवैध गतिविधियों पर सवाल खड़े किए हैं। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम की इस दबिश से उन बड़े व्यापारियों के जरूर होश उड़ गए हैं, जो अवैध तरीके से गोदाम या फैक्ट्री चलाते हैं उन पर भी जल्द छापेमारी हो सकती है।

कार्रवाई करते टीम...



### सरकार ने जारी किया ये आदेश

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम में शामिल दमकल विभाग के कार्यालय प्रभारी हरीश कुमार ने दबिश दौरान अधिकारियों को फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री मिली। सूचना मिली थी कि यहां अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे हैं। मौके पर जांच में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद हुई है। मामले की जांच जारी है, और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने ने एक गुप्त सूचना के आधार पर यह दबिश दी और जांच की। इस दौरान टीम को यहां पर भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली, जिसे टीम ने बरामद कर लिया। इस कार्रवाई में मुख्यमंत्री उड़न दस्ता की टीम ने के साथ दमकल विभाग और पुलिस विभाग की टीम भी शामिल रही।



कैथल। पुलिस की गिरफ्त में दोनो नशा तस्कर। फोटो :हरिभूमि

# 58800 प्रतिबंधित नशीली गोलियां और 304 एमटीपी किट बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सीआईए-1 व एंटी नारकोटिक सैल ने दो मामलों में 2 नशा तस्करों को काबू किया है। जिनके कब्जे से 58800 प्रतिबंधित नशीली गोलियां, 304 एमटीपी किट व 1310 परेगाबलिन नामक कैप्सुल बरामद हुए है। डीएसपी मुख्यालय बीर भान ने बताया कि पहले मामले में एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई राजबीर सिंह, एसआई जोगिंद्र सिंह, एएसआई बलजीत सिंह, एएसआई राकेश कुमार, महिला एचसी पकविंद्र कौर की टीम सांयकालिन गश्त दौरान मैन चौक खुराना रोड़ कैथल पर मौजूद थी। जहां पुलिस टीम को एक गुप्त सूचना मिली की नानकपुरी कालोनी खुराना रोड़ कैथल निवासी विक्रम अपने मकान पर नशीली प्रतिबंधित गोलियां बेचने का काम करता हैं। जिसके घर पर रेड करके उसे भारी मात्रा में नशीली गोलियों सहित काबू किया जा सकता है।

सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस सतर्कता का परिचय देते हुए विक्रम उपरोक्त के मकान पर दबिश दी गई। जहां संदिग्ध विक्रम द्वारा भागने का प्रयास किया गया परंतु सतर्क पुलिस द्वारा विक्रम को काबू कर लिया गया। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी बीरभान व ड्रग कंट्रोल ओफिसर चेतन वर्मा के समक्ष ली गई तलाशी दौरान आरोपी के मकान में बेड से 2 पॉलीथिन बरामद हुए। जिनमें 18600 ट्रामाडोल नामक गोलियां तथा 5000 अल्प्राजोल नामक गोलियों सहित कुल 23600 गोलियां बरामद हुई। ड्रग कंट्रोल ऑफिसर द्वारा ये टैब्लेट प्रतिबंधित बताई गई। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एसआई बलराज द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आरोपी रिमांड पर

सके अतिरिक्त आरोपी साहिल के कब्जे से 304 एमटीपी किट व 1310 परेगाबलिन नामक कैप्सूल बरामद हुए। जो जिला अस्पताल से मौके पर पहुंचे नोडल ऑफिसर पीएनडीटी डॉक्टर सचिन मांडले की शिकायत पर थाना शहर में अभियोग अंकित किया गया। आरोपियों का व्यापक पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

## नागरिक अस्पताल के गेट पर लगाए ताले तो मिली राहत

# थ्रीव्हीलर और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी पर सेहत विभाग की लगाम

## अब नागरिक अस्पताल में वाहन के साथ आने का केवल एक ही गेट

### चालक दिनभर अस्पताल के गेट पर सवारी बैठाने के चक्कर में लगाए रहते थे जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के सामने लगने वाले थ्रीव्हीलर चालकों, ई-रिक्शा चालकों के जमावड़े को खत्म करने के लिए गेट पर तालाबंदी की गई है। इसके अलावा छोटे गेट के पास पोल लगा दिए गए हैं ताकि दोपहिया वाहन भी गेट से अंदर न आ सकें। अब अस्पताल में वाहन के साथ आने वाले सभी वाहनों की एंट्री का एक ही गेट रह गया है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि कभी भी किसी गंभीर मरीज की जान थ्रीव्हीलर चालक, ई-रिक्शा चालकों की वजह से न जा सके। ये चालक पूरा दिन नागरिक अस्पताल के गेट पर सवारी बैठाने के चक्कर में जमावड़ा लगाए रहते थे। ऐसे में गोहाना रोड तो बाधित होता ही था साथ ही अगर एंबुलेंस को गेट से ले जाना चाहे तो जल्द नहीं ले जाया सकता था। अब गेट बंद होने से हादसे नही हो सकेंगे। गोहाना रोड पर अस्पताल में आवागमन के हैं दो रास्तेः नागरिक अस्पताल में एंट्री को लेकर दो गेट हैं। एक राजकीय महाविद्यालय के सामने है और दूसरा कुछ दूरी पर उससे आगे है। जो गेट महाविद्यालय के सामने है, वहां से भी एंबुलेंस ले जाई जा सकती है। हालांकि नागरिक अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग में जाने के लिए गोहाना रोड पर एक ही मुख्य गेट था। इसके बाद नई बिल्डिंग बनी तो दूसरा गेट बनाया गया। पहले वाले गेट से नई बिल्डिंग का रास्ता काफी लंबा पड़ता था। इस रास्ते को छोटा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गोहाना रोड पर ही शव गृह के पास दूसरा गेट बना दिया ताकि मरीजों को परेशानी नहीं हो। गंभीर मरीजों को भी एंबुलेंस के माध्यम से यहीं से ले जा जा सके। परंतु इस गेट पर थ्रीव्हीलर चालकों का कब्जा हो गया था। सवारी उठाने के चक्कर में ऑटो चालक इस गेट पर पूरा दिन खड़े रहते हैं। जिससे मरीजों को निकलने में ही काफी परेशानी होती है। यदि एंबुलेंस आ जाए तो उसे भी इंतजार करना पड़ेगा और अंदर जाने में काफी समय लग जाएगा। पुलिस व होमगार्ड भी खड़े हुए, पर नहीं माने ऑटो चालकः स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑटो चालकों को गेट के आगे खड़ा होने से रोकने के लिए कई बार अपने सिक्योरिटी गार्डों को यहां खड़ा किया गया लेकिन ऑटो चालक उनकी बात नहीं मानते। इसके बाद पुलिस व होमगार्ड जवानों की डयूटी लगाई गई लेकिन फिर भी बात नहीं बनी। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा ऑटो चालकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ऑटो चालक नही माने। ऐसे में अब नई बिल्डिंग की तरफ जाने वाले रास्ते पर लगे दोनों गेटों को बंद कर दिया गया। छोटे रास्ते पर पोल लगा दिए गए ताकि वाहन की बजाए लोग पैदल अस्पताल में आ सकें।




जींद। गेट पर लगाया ताला। फोटो :हरिभूमि




जींद। दोपहिया वान रोकने के लिए छोटे गेट पर लगाए पोल। फोटो :हरिभूमि

### चालकों की मनमानी रोकने के लिए उठाया कदम

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि ऑटो चालकों को कई बार रास्ते के आगे ऑटो न खड़ा करने के लिए कहा गया लेकिन ऑटो चालक अपनी मनमानी करते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने ऑटो चालकों की मनमानी रोकने के लिए गेट पर ही ताला लगा दिया ताकि गेट के आगे वाहनों का जमावड़ा न रहे और लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

# खाते से ग्राहक की अनुमति बिना निकाली 8. 80 लाख की राशि

- ग्राहक के पास खाते में ब्याज लगने का आया संदेश तो मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जींद रोड पर स्थित बैंक के खाते से ग्राहक की अनुमति के 8.80 लाख की राशि निकालना की घटना सामने आई। संदर्भ में रुपये कटने को लेकर ग्राहक को उस समय जानकारी मिली, जब ग्राहक पास खाते में ब्याज लगने का संदेश आया। इसके बाद ग्राहक बैंक में पहुंचा और प्रबंधक की ओर से खाता खंगाला। खाता खंगालने के बाद जानकारी मिली कि यह दो अलग-अलग कंपनियों के खाते में भेजे गए हैं। इस दो बार में चार-चार लाख और दो बार में 40-40 हजार रुपये कटने की ट्रांजेक्शन हुई। दरअसल, दो माह भी पहले भी एसबीआई के चार खाता धारकों से लाखों रुपये की राशि निकालने की घटना सामने आई थी।

इसके बाद बैंक प्रबंधन से सभी के खातों को सीज किया और करीब दो दिन के बाद यह राशि खाता धारकों के खाते में वापस आ गई थी। मामले में खाता धारक ईश्वर गुप्ता ने बताया कि उनका जींद रोड स्थित एचडीएफसी की ब्रांच में वर्ष 2019 से खाता चला हुआ है। इस खाते में वह लोन की किस्त अदा करते हैं। पिछले कुछ दिनों से बैंक के माध्यम से संदेश आ रहे थे कि खाते में पर्याप्त राशि नहीं है। इसके बाद यहां पर कर्मचारी से बात की। इसके बाद उन्होंने बताया कि यह लोन से संबंधित है। इसके बाद लोन की शाखा से जानकारी मिली कि यह बैंक का मामला है। उन्होंने साइबर थाना में शिकायत देने की सलाह दी। अब साइबर थाना में शिकायत दे दी है। इसके साथ ही खाते को सीज करवा दिया है।

# सरकारी नौकरी का झांसा देकर छह से हड़पे 74 लाख

- थमाए गए ज्वायनिंग लेटर निकले फर्जी तो फूटा धोखाधड़ी का भंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दे दंपत्ति द्वारा छह लोगों से 74 लाख रुपये हडपने का मामला सामने आया है। यहां तक की आरोपितों ने फर्जी ज्वायनिंग लेटर थमाए गए और मेडिकल भी फर्जी करवाए गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दंपत्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। डिफेंस कालोनी निवासी सुदेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर के निकट जिम में एक्ससरसाइज के लिए जाती थी। जहां पर मतलौडा पानीपत निवासी मनोज एक्ससरसाइज करवाता था और डाइट की जानकारी देता था। जिसके चलते उसकी मनोज तथा उसकी पत्नी मीना से अच्छी जान पहचान हो गई। मनोज के बड़े-बड़े नेताओं के साथ फोटो थे। मनोज तथा उसकी पत्नी मीना ने नेताओं के साथ अच्छी जान पहचान बताते हुए सरकारी क्षेत्र मे नौकरी लगवाने की बात कही। आरोपितों के झांसे में आकर उसने अपने देवर की पुत्रवधु को नौकरी लगवाने को कहा। जिस पर मनोज पुलिस में क्लर्क लगवाने की बात कहते हुए दस लाख रुपये की डिमांड की। 22 अगस्त 2024 को पांच लाख रुपये तथा दस्तावेज दे दिए गए। दिसंबर 2024 में उन्हें ज्वायनिंग लेटर मिल गया। जिसमें मार्च 2025 तक ज्वायन करने के बारे में लिखा गया। जिस पर एडीजीपी हेडक्वाटर पचंकूला की मोहर लगी थी। जिसके साथ आरोपित ने बकाया पांच लाख रुपये भी ले लिए। जिसके बाद रेलवे में वैकेंसी निकली तो उसने दो लोगों के दस्तावेज मनोज के पास भेजे गए। जिसकी एवज में छह छह लाख रुपये आरोपित ने लिए। राजस्थान के कोटा मे फर्जी मेडिकल करवाया गया। दिल्ली में दस्तावेज जांचे गए। जिसके बाद गत 17 मार्च को तीन माह का ज्वायनिंग लेटर दे दिया गया। उसी दौरान बरोदा हाउस दिल्ली में एक युवती की नौकरी के लिए पांच लाख रुपये दिए गए। उसका ज्वायनिंग लेटर भी अप्रैल 25 का जारी किया गया। फिर तीन लोगों के 35 लाख रुपये आरोपितों को दिए गए। जिनके रेलवे इन्कम टैक्स तथा यूनिवर्सिटी के ज्वायनिंग लेटर दिए गए।

### मामले की जांच की जा रही

सिविल लाइन थाना पुलिस ने सुदेश की शिकायत पर मनोज तथा उसकी पत्नी मीना के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना के जांच अधिकारी कुलवंत सिंह ने बताया कि नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी की शिकायत मिली थी। फिल्हाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सिरसा ब्रांच के ढाकल हैड पर मिला अज्ञात का शव

**नरवाना।** सिरसा ब्रांच नहर के ढाकल हैड पर अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। घटना की सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक व्यक्ति के शव को नहर से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक व्यक्ति का शव नहर में पीछे से बहकर यहां आया था। मृतक की आयु लगभग 55.60 साल है। उन्होंने बताया कि मृतक व्यक्ति की फिलहाल शिनाख्त नहीं हो पाई है। उसके शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखा गया है। मृतक का शव गली सड़ी अवस्था में नहर से बरामद हुआ है।

## अगले 24 घंटों में कहीं-कहीं बारिश की बनी संभावना

# शहर में झमाझम बारिश, उमस ने किया परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शुक्रवार दोपहर बाद शहर के कुछ हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। जबकि कुछ इलाके बारिश से अछूते रहे। बावजूद इसके मौसम उमस भरा बना रहा। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 70 प्रतिशत तथा हवा की गति तीन किलोमीटर प्रतिघंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 25 अगस्त तक बादलवाई के साथ कहीं-कहीं बारिश की संभावना है। तापमान में भी गिरावट आएगी। पिछले तीन दिनों से मौसम में जबरदस्त उमस बनी हुई। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढने के साथ बादल छंट गए और मौसम में जबदस्त उमस बन गई। दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और बारिश शुरू हो गई। जो लगभग आधे घंटे तक जारी रही। खास बात यह रही कि बारिश पूरे शहर में भी नही हुई। पटियाला चौक से आगे का इलाका शुष्क बना रहा। हवा की गति भी काफी मंद रही। जिला मुख्यालय के आसपास हुई बारिश के बावजूद इसके उमस से राहत नही मिली। मौसम मे बनी उमस जबरदस्त बनी रही। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि 25 तक आकाश में बादल छाए रहने के साथ कहीं-कहीं बारिश की सभावना है। किसान कृषि से संबंधित कार्य मौसम को ध्यान मे रखकर करे।



जींद। बारिश के बीच से गुजरते वाहन। फोटो :हरिभूमि

### दुकानदार-ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग रखी

**अलेवा।** जींद-असंध-कैथल मार्ग पर नगूरां गांव के मुख्य बस स्टैंड पर कोई स्पीड ब्रेकर नहीं होने से यहां पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। हादसों के मध्यनजर ग्रामीणों तथा नगूरां बस स्टैंड स्थित दुकानदारों ने मुख्य चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों से की है। नगूरां मुख्य स्टैंड स्थित दुकानदार विकास, हवा सिंह, रघुबीर, पवन, जोगिंद्र, सुखबीर, रमेश, महावीर आदि बताया कि जींद-असंध-कैथल मार्ग पर नगूरां गांव के मुख्य बस स्टैंड पर कोई स्पीड ब्रेकर नहीं होने से आए दिन यहां हादसे हो रहे हैं। यहां स्पीड ब्रेकर नहीं होने से रोहतक निवासी बाइक चालक एक युवक की मौत भी हो चुकी है। इसके अलावा पूर्व में भी तेज स्पीड वाहनों की टक्कर लगने कई बाइक सवार चोटिल होने के अलावा हादसों में जान गंवा चुके हैं।

## खबर संक्षेप

### स्कूल का टूटा ताला सामान चोरी

**जींद।** कमाचखेड़ा सरकारी स्कूल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर चांदी के रथ तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। शिकायत के आधार जुलाना थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कमाचखेड़ा सरकारी स्कूल के हेडमास्टर सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरो ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर वहां रखे चांदी के रथ व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### गणपति उत्सव को लेकर मंडी में किया भूमि पूजन

**नरवाना।** श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा इस बार पुरानी अनाज मंडी में दसवां गणपति उत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव को मनाए जाने से पहले भूमि पूजन किया गया। यह पूजन पुजारी रोशन लाल वेदपाठी द्वारा विधि विधान से करवाया गया। कार्यक्रम आयोजन को लेकर समिति के प्रधान कैलाश सिंगला ने बताया कि 27 अगस्त को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### महात्याग नाटक का मंचन 24 अगस्त को

**जींद।** रामराय गेट पर स्थित जैन स्थानक में 24 अगस्त को सुबह आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक शासन दीपिका महासाध्वी सुचारू महाराज, प्रवचन परभाविका सुनीति महाराज व काव्यनिधि सुवृति महाराज ठाणे 3 के सानिध्य में महात्याग नाटक का मंचन किया जाएगा। संस्था के सचिव विनोद जैन ने बताया कि विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, नप अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी, भाजपा जिला महामंत्री डा. पुष्पा तायल, नगर पार्षद सुरेंद्र मौजूद रहेंगे।

### अलग-अलग स्थानों से दो महिला लापता

**जींद।** दो स्थानों से दो महिलाओं के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।रोहतक रोड निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 20 अगस्त को उसकी 30 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई।

### वरदान साबित हो रही दयालु योजना

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना (दयालु) अंत्योदय परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के तहत 1.80 लाख सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या स्थाई दिव्यांगता पर आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी में एक लाख रुपये से लेकर पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती है।

### भानू ने तीरंदाजी में पाया तीसरा स्थान

**जींद।** इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के छात्र भानू ने अंडर 14 वर्ग के जिले स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में 40 मीटर दूरी पर अपने शानदार प्रदर्शन से तीसरा स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप भानू ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों में भानू की तेज निशानेबाजी, सटीकता और संयम ने निर्णायक मंडल को गहराई से प्रभावित किया।

### पांच सदस्य कमेटी ने की कुलपति से बैठक

**जींद।** पांच सदस्य कमेटी की विवि के कुलपति डा. रामपाल सैनी से मांगों को लेकर बैठक हुई। बैठक में प्रमुख मांग महिला छात्रावास की हॉस्टल वार्डन डा. सुनीति अभी तक पद पर बनी हुई है जबकि हॉस्टल की समस्याओं को लेकर ब्वायज हॉस्टल वार्डन के वार्डन के स्थान पर नए वार्डन नियुक्त किया जा चुके हैं।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** सदर थाना सफीदों पुलिस ने पत्नी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। घरौंडा करनाल निवासी शीशपाल ने गत को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसने उसकी बेटी सरिता की शादी लगभग 14 साल पहले टीटोखेड़ी निवासी सदीप से की थी।

## नायब सिंह सैनी फैन क्लब ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने पर जताया रोष

### ओछी मानसिकता वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। ज्ञापन सौंपने आए नायब सिंह सैनी फैन क्लब के सदस्य। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के विरोध में शुक्रवार को नायब सिंह सैनी फैन क्लब हरियाणा के सदस्यों ने लघु सचिवालय पहुंच कर तहसलीदार शालिनी लाठर को ज्ञापन सौंपा। प्रधान बब्बल सैनी, दिनेश, मनधीर कौशिक, वेद्रप्रकाश शर्मा, साहब सिंह, विजय सैनी, राजेश, राजेश, अनिल, संजय दहिया, नरेंद्र व रामकुमार ने कहा कि भिवानी की शिक्षिका मनीषा के साथ जो हुआ, उसका सभी को दुख है।

लोगों ने कैंडल मार्च निकाल कर भी शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिजनों की मांग पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हर समाज की बहन, बेटी को अपनी बहन, बेटी मानते हैं और वह 24 घंटे प्रदेश के लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। मंच के माध्यम से कई बार मुख्यमंत्री घोषणा कर चुके हैं कि अगर उनकी जरूरत रात को 12 बजे भी कही हो तो वह लोगों की मदद के लिए हाजिर होंगे। ऐसे में प्रदेश के मुखिया के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करना गलत है। उन्होंने कहा कि इस दुखदाई घटना में कुल लोग अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे हैं। नायब सिंह सैनी फैन क्लब समाज की तमाम संस्थाओं, खापों व किसान संगठनों से अपील करता है कि ऐसी ओच्छी मानसिकता वाले लोगों का जनता के बीच जाकर विरोध करें ताकि आम जनता इन सभी सामाजिक संगठनों पर विश्वास कर सकें और 36 बिरादरी का भाईचारा बना रहे। मुख्यमंत्री समाज की सभी वर्गों की बहन बेटियों को अपनी बहन बेटियों में बढ़कर मानते हैं और उनके सम्मान की रक्षा के लिए हर समय तत्पर रहते हैं। फि र भी ऐसी असामाजिक तत्व उन्हें अपशब्द कहते हैं। नायब सिंह सैनी फैन क्लब प्रशासन से मांग है की ओछी मानसिकता वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि समाज का भाईचारा कायम रहे।

# अस्सी यूनिट रक्त एकत्रित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। शिविर में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

विवेकानंद नगर स्कीम नंबर 19 में ब्रह्माकुमारीज के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा के पुत्र रुद्राक्ष मिड्ढा ने विशेष रूप से शिरकत की। शिविर में बीके मीना, बीके नीलम, बीके सुमन, बीके आरती, बीके कविता तथा बीके निशा ने रक्तदान हेतु आए सभी भाई, बहनों को बैज लगाए और प्रमाण पत्र प्रदान किए। वरिष्ठ भ्राता बीके विजय ने भी इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि रक्तदान वास्तव में महादान है और इससे अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। उन्होंने सभी को समाज सेवा के इस पुण्य कार्य में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कुल 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अंत में संस्था ने सिविल अस्पताल जींद से आई टीम का धन्यवाद किया तथा उन्हें ईश्वरीय सौगात भेंट की। इस मौके पर संकल्प लिया कि भविष्य में भी समय-समय पर ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



जींद। टीबी रोगियों को किट प्रदान करते महाविद्यालय स्टाफ।

### टीबी रोगियों को पोषण किट प्रदान की

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय जींद ने प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में टीबी उन्मूलन अभियान नागरिक अस्पताल में योगदान देते गोद लिए गए 31 टीबी रोगियों को शुक्रवार को को आहार की तीसरी किट सहायता के रूप में प्रदान की। यह सहायता उनको मानसिक व आर्थिक मदद प्रदान करेगी। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय हमेशा से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से अपना योगदान देता रहा है। महाविद्यालय का उद्देश्य समाज सेवा में भी भागीदारी निभाना है। कहा कि समाज में जागरूकता फैलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। रोगियों को बीमारी से घबराना नही चाहिए बल्कि आत्मबल बनाए रखना चाहिए। उचित देखभाल, समय पर इलाज और चिकित्सकीय परामर्श से अधिकांश बीमारियों का सफलतापूर्वक इलाज संभव है। महाविद्यालय समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों, जागरूकता रैलियों व जनहित कायक्रमों का आयोजन करता रहा है। इससे विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी का भाव भी विकसित होता है।

### प्रदर्शन की तैयारियों में जुटी यूनियन

**जींद।** पंचायत मंत्री के आवास पर मतलोडा में होने वाले प्रदर्शन की तैयारियों के लिए शुक्रवार को ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने जिला प्रधान गुलाब सिंह के नेतृत्व में सफीदों ब्लॉक में जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान में जिला सचिव पवन कुमार, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक प्रधान कपूर सिंह व सुनील कुमार शामिल रहे। जनसंपर्क अभियान के तहत सफीदों के एक दर्जन से ज्यादा गांव के कर्मचारियों से सम्पर्क किए और पंचायत मंत्री आवास पर पहुंचने के निमंत्रण दिए। जिला प्रधान ने बताया कि मुख्यमंत्री ने 24 नवंबर 2024 को जींद में डीएससी समाज के सम्मेलन में सफाई कर्मचारियों का वेतन 26 हजार रुपये करने की घोषणा की थी लेकिन आज तक भी इसका कोई नोटिफिकेशन जारी नही हुआ है। यह डीएससी समाज, जिससे 90 प्रतिशत सफाई कर्मचारी आते हैं के साथ अन्याय है। सफाई कर्मचारियों को कूड़ा उठाने के लिए रिक्शा या रेहड़ी तक नहीं दी गई है। लंबे समय से ईएसआई का पैसा कट रहा है लेकिन अधिकतर कर्मचारियों के पास ईएसआई कार्ड नहीं है।

### सरकार ने विदेश नीति का बेड़ा गर्क कर दिया: सांसद

**जींद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिसार के कांग्रेसी सांसद जयप्रकाश ने कहा कि लोकसभा में सरकार पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद में ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्ष के सवालों से डर कर भागी है। पिछले 11 साल में पहली बार विपक्ष ने राहुल गांधी के नेतृत्व में एकजुट होकर सरकार को अपनी ताकत से अवगत करवाया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हिसार के कांग्रेसी सांसद जयप्रकाश शुक्रवार को जींद में कांग्रेस नेता गंगा सिंह लाठर के आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सरकार, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से पहलगाम आतंकी हमले में हुई सुरक्षा चूक और उसके बाद हुए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पूरी जानकारी मांगी। सरकार से लेकर प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे पाए। इसका कारण यह है कि सरकार सच्चाई से डरी हुई है।

### अभय सिंह चौटाला ने भाजपा व जजपा पर साधा निशाना

**जुलाना।** इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला शुक्रवार को जुलाना में पहुंचे और हलका स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में 25 सिंतबर को रोहतक में होने वाली चौधरी देवीलाल जयंती कार्यक्रम के लिए लोगों को निमंत्रण दिया। चौटाला ने कहा कि यह भाजपा की सरकार तीसरी बार कैसे बन गई, यह तो दूसरी बार भी नहीं बनानी थी। दूसरी बार ही हरियाणा की जनता ने मन बना लिया था कि बीजेपी को सत्ता से बाहर करना है। केवल 40 सीट ही जीत पाई थी लेकिन 10 सीट आप लोगों ने ऐसे लोगों को जीता दी थी, जो कह तो ये रहे थे कि भारतीय जनता पार्टी के हाथ तो खून से र ंगे हुए हैं। जो यह कहते थे कि हम इसको जमुनापार करके आएंगे, उन लोगों ने आपके साथ विश्वासघात करके भारतीय जनता पार्टी की दूसरी बार भी सरकार बनवा दी। आप लोगों के साथ उन्होंने धोखा किया और विश्वास घात किया। जिन लोगों ने आपके साथ विश्वास घात किया है।

### स्वस्थ शरीर ही जीवन का आधार : नरेंद्र

**जींद।** भाविप की जयंती शाखा द्वारा गोपाल विद्या मंदिर वमावि में कक्षा छह से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए दंत जांच एवं एनीमिया व रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल की टीम ने बच्चों के रक्त जांच किए और उन्हें एनीमिया से बचाव के उपाय बताए। दंत चिकित्सक डा. विकास ने बच्चों के दांतों की जांच की और कहा कि नियमित ब्रश करना तथा संतुलित आहार लेना अत्यंत आवश्यक है। टीम ने बच्चों को दूध, फल, दालें और हरी सब्जियां खाने की सलाह दी। जिससे शरीर में खून की कमी न हो। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार ने कहा कि श्स्वस्थ शरीर ही जीवन का आधार है और शिक्षा का वास्तविक आनंद तभी मिल सकता है। जब शरीर निरोगी हो। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर भी अपने विचार व्यक्त करते सभी से जीवन में कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की। परिषद द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी किया गया और विद्यालय को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



जींद। बच्चों के दांतों की जांच करते चिकित्सक। फोटो :हरिभूमि



राजकीय स्कूल बडनपुर की विजेता छात्राएं प्रिंसिपल संजय चौधरी के साथ।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**नरवाना।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडनपुर की दो छात्राओं ने जिला टीम में खेलते क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। प्रिंसिपल संजय चौधरी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर प्राची ने 73 रन बनाए थे और पावनी ने भी बहुत अच्छा स्कोर किया था। जिसके कारण उनका उचाना ब्लॉक की तरफ से जिला स्तर पर खेलने के लिए चयन हो गया। गत दिवस इनका फाइनल मैच नरवाना के साथ हुआ। जिसमें दोनों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपने ब्लॉक का नाम रोशन किया। इन खिलाड़ियों को तैयार करने वाले कोच श्रीकांत शर्मा, गुरुदेव सिंह, सतीश कुमार एवं मेघा ने बच्चों को बधाई दी। गांव सरपंच गगनदीप, एमसी के प्रधान नानूराम, उप प्रधान कविता देवी, पिंकी देवी, पंच टिंकू, कुलदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### भाकियू ने सिंचाई विभाग कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**जींद।** बराड़ खेड़ा माइनर से पानी की सप्लाई नहीं होने के चलते भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी सिंचाई विभाग कार्यालय पहुंचे। जिला अध्यक्ष बिंद्र नंबरदार, जयवीर लोहान, चंद्र बीबीपुर, राजेंद्र पहलवान व अनिल बहबलपुर ने कहा कि माइनर से पिछले लगभग एक महीने से दिन से पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। इस कारण बराड़ खेड़ा, किनाना, बहबलपुर, बीबीपुर, बुआना, ईगराहए जामनी, खांडाखेड़ी, धर्म खेड़ी गांव के किसानों की फसल पानी की कमी के कारण सूख रही हैं। इस कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



जींद। ज्ञापन सौंपने आए भाकियू पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



नरवाना। स्टेशन पर रेल यात्रा के लिए पहुंचे डीएवी स्कूल के बच्चे।

### डीएवी स्कूल के बच्चों को करवाई रेल यात्रा

**नरवाना।** डीएवी पब्लिक स्कूल नरवाना में शुक्रवार को कक्षा यूकेजी से दूसरी कक्षा तक के 50 बच्चों को नरवाना स्टेशन से कलायत स्टेशन तक रेल यात्रा करवाई गई। विद्यालय के प्राचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन एवं सीबीएसई गतिविधियों के अनुसार विंग इंचार्ज सुनीता राविश, गतिविधि इंचार्ज मोनिका हांडा एवं कक्षाओं के इंचार्ज सविता शर्मा और प्रीति जग्गी ने कार्यक्रम को सफल बनाया और इसके साथ-साथ सभी बच्चों को नरवाना के स्टेशन मास्टर संदीप कुमार से भी मिलवाया। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य अनुभव के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने एवं समुदाय की भावना को विकसित करना रहा। अंत में प्राचार्य ने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



नरवाना। वेदांता स्कूल के विजेता बच्चे स्कूल डायरेक्टर प्रदीप नैन के साथ।

### वेदांता के खिलाड़ियों ने जिले में मारी बाजी

**नरवाना।** वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलौदा खुर्द ने एक बार फिर खेल जगत में अपना परचम लहराया। विद्यालय की टेबल टेनिस अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते ओवरऑल चैम्पियनशिप जीत ली और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। अंडर 14 वर्ग में विद्यालय की छात्रा स्वाति, स्मृति वंशिकाए खुशी और गीतिका ने बेहतरीन तालमेल और अनुशासित खेल से प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर.17 वर्ग में अनन्याए निपुण सृष्टिए अंजलि और मुस्कान ने दमदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अंडर.19 वर्ग में अंशिकाए रियाए अनुजए अंचल और रितिका ने संघर्षपूर्ण मुकाबलों में उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या वीना डारा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते कहा कि यह उपलब्धि कठिन मेहनतए नियमित अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य स्तर पर भी विद्यार्थी विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा



काउंसलर रणबीर सिंह लोहान को स्मृति चिंह देकर सम्मानित करते प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों।

डाहौला के न्यू प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते एक करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। काउंसलर रणबीर सिंह लोहान उपस्थित हुए। उन्होंने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों और भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। लोहान ने छात्रों को बताया कि सही विषय और करियर का चुनाव जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण होता है। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के तरीके, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा, प्रशासनिक सेवाएं, रक्षा और उद्यमिता के बारे में भी समझाया। विशेष रूप से उन्होंने विदेश में करियर के अवसरों पर प्रकाश डाला। सही मार्गदर्शन और तैयारी के साथ विद्यार्थी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में प्रवेश पा सकते हैं और विदेशों में अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। विद्यालय प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने में बेहद सहायक होते हैं। कहा कि वर्तमान समय में करियर के विकल्प तो बहुत हैं, लेकिन उचित जानकारी और सही दिशा के बिना विद्यार्थी भ्रमित हो सकते हैं। यह भी जोड़ा कि विदेशों में शिक्षा और करियर बनाने के लिए छात्रों को मेहनत और अनुशासन की आवश्यकता होती है।



जींद। धरनास्थल पर आयोजित यज्ञ में आहुति डालते कालोनीवासी।

### होटल संचालक को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना

**जींद।** नरवाना रोड स्थित सुंदर नगर में तथाकथित होटल में वेश्यावृत्ति के आरोप लगाते कालोनीवासियों का धरना शुक्रवार को 365वें दिन भी जारी रहा। कालोनीवासियों ने होटल संचालक की सद्बुद्धि के लिए हवन किया। कालोनीवासियों ने बताया कि नरवाना रोड पर एक होटल खोला गया है। जिसमें वेश्यावृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह स्कूल व कॉलेजों के लड़के व लड़कियों को दो-दो घंटे के लिए आते हैं। जिससे यहां का माहौल खराब हो रहा है। इस मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस, एसपी से लेकर परिवेदना समिति बैठक में भी की जा चुकी है। होटल संचालक द्वारा इस प्रकार की गलत गतिविधियां ना करने के लिए वादा किया था। लगभग तीन-चार महीने के बाद फिर से उसी प्रकार की गतिविधियां शुरू हो गई थी और बेशर्मी का नंगा नाच नचाया जा रहा है। बाकायदा कालोनीवासियों के पास फोटो वीडियो आदि सबूत भी हैं। बाकायदा कालोनीवासियों को धमकियां भी मिल रही हैं। इसके विरोध में पिछले 365 दिन से होटल के सामने ही नरवाना रोड पर नगरवासियों का धरना भी चल रहा है।

## न्यू लाइब्रेरी हॉल के प्रथम तल पर बनने वाले चैंबरों का किया शिलान्यास

# न्याय पाना हर नागरिक का कानूनी अधिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। न्यू लाइब्रेरी हॉल के प्रथम तल पर बनने वाले चैंबरों का शिलान्यास करते डीसी।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। वादी को समय पर न्याय दिलाना ही संपूर्ण न्याय प्रणाली का एकमात्र लक्ष्य है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए देश की न्याय व्यवस्था हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को जिला बार एसोसिएशन की तरफ न्यू लाइब्रेरी हॉल के प्रथम तल पर बनने वाले केबिन व चैंबरों के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय दिलाना एक सामाजिक सूत्र है। जिसे हम सभी को अपने-अपने दायरे में पूरी शिद्दत से निभाना चाहिए। इन नए चैंबरों के बनने अधिवक्ताओं को कार्य करने में सुविधा होगी। उन्होंने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को कहा कि इस निर्माण कार्य में जिला प्रशासन द्वारा डी प्लान के तहत हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन द्वारा डीसी मोहम्मद इमरान रजा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। जिला बार एसोसिएशन के प्रधान विकास लोहान ने बताया कि न्यू हॉल के प्रथम तल पर अधिवक्ताओं के लिए 16 चैंबर, कैबीन बनाए जाएंगे। यह चैम्बर अभी निर्माणाधीन है। इन चैम्बरों के बनने से अधिवक्ताओं को फायदा होगा। इस मौके पर जिला बार एसोसिएशन के उप प्रधान विशाल खटकड़, सचिव संदीप कौशिक, सहसचिव विजय सोलंकी, पूर्व प्रधान रामरूप चहल, अधिवक्ता हेमंत सुखिजा, संजीत मलिक, देवराज मलिक, सुरजीत श्योकंद सहित बार एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



नरवाना। दनौदा कलां में लगाए गए कैंप में किसानों को जानकारी देते अधिकारी।

### योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं

**नरवाना।** पंजाब नैशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र सच्चाखेड़ा द्वारा दनौदा कलां गांव में पशु स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर केंद्र से कृषि संकाय डा. रोहित, संदीप, डा. जयवीर सिंह दनौदा कलां, पशु परिचारक सतपाल आदि उपस्थित थे। इस कैंप में लगभग 130 गाय व भैंस के स्वास्थ्य की जांच की गई व मुफ्त में दवाइयां और खनिज मिश्रण दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत में डा० जयवीर ने किसानों को पशुओं की देखरेख के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमें हर तीन महीने बाद अपने पशुओं को पेट के कीड़ों की दवा अवश्य देनी चाहिए और खास ध्यान रखने योग्य बात यह है कि हर बार आपको दवा बदल कर देनी चाहिएए पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाने के व्यापक उपाय करने चाहिए ताकि रोग अन्य पशुओं में न फैल सके। पशुओं को संतुलित आहार देना चाहिए। डा. रोहित द्वारा किसानों को केंद्र तथा बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई तथा ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वो बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाएं।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म के आरोप में देवर के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल ।** सिविल लाइन कैथल पुलिस ने एक महिला की अश्लील वीडियो बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। महिला और आरोपित युवक रिश्ते में देवर भाभी लगते हैं। शहर की एक कालोनी निवासी महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके देवर प्रदीप ने कुछ महीने पहले चुपके से उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी। इसके बाद वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 31 जुलाई को घर में आकर उसके साथ दुष्कर्म किया था।

### मां और बेटी घर से लापता, मामला दर्ज

**कैथल ।** कैथल के प्रताप गेट से एक महिला अपनी बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई। प्रताप गेट के एक व्यक्ति ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 अगस्त को उसकी पत्नी उसकी बेटी के साथ किसी काम के लिए मकान से बाहर गई थी लेकिन वह काम करने का वापस अपने मकान पर नहीं लौटी। उन्होंने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डीसी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# बिना हेलमेट के 3 चालान होते ही संबंधित का ड्राइविंग लाइसेंस करें निरस्तः उपायुक्त

### एजेंडे के तहत दिए गए आदेशों की दृढ़ता से पालन करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल । डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए फोटो: हरिभूमि

डीसी प्रीति ने कहा कि दुपहिया वाहन दुर्घटना में सिर पर हेलमेट न होना व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनता है। पुलिस विभाग चालानिंग को ओर बढ़ाए। बिना हेलमेट के तीन चालान होते ही संबंधित का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किया जाए। इसके साथ ही कोई भी नाबालिग बच्चा वाहन चलाता हुआ मिले तो उनके परिजनों को मौके पर बुलाएं और उस वाहन को इम्पाउंड करें। डीसी प्रीति शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा समिति व स्कूल वाहन पॉलिसी की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थीं। बैठक में उन्होंने एजेंडे अनुसार चर्चा की और कहा कि सभी अधिकारी एजेंडे के तहत दिए गए आदेशों की दृढ़ता से पालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को कहा कि शहर में सड़कों पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए निरंतर अभियान जारी रखें।

इसके साथ ही बेसहारा पशुओं को गौशालाओं में शिफ्ट करने की कार्रवाई में तेजी लाएं। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के अंदर व सामने वाहनों की पार्किंग करने वालों की चालानिंग की जाए। सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभाग अपनी अपनी सड़कों की बर्मों की सफाई करवाने के साथ साथ उनका सुदृढ़ीकरण करें। इसके साथ ही सड़कों पर निर्धारित मापदंड अनुसार सफेद पट्टी व जेब्रा क्रॉसिंग बनाई जाए। पैच वर्क का कार्य में गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इस अवसर पर आरटीए गिरीश कुमार, जिला परिषद सीईओ सुरेश राविश, एसडीएम अजय सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीआरओ चंद्रमोहन, डीडीपीओ रितु लाठर, रेडक्रास सचिव रामजी लाल, डीआईओ दीपक खुराना, एलडीएम एसके नंदा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### लापरवाही सहन नहीं होगी

डीसी प्रीति ने कहा कि कैथल-करनाल रोड पर रसीना गांव के पास गड्ढे बने हुए हैं, उनको जल्द सही करवाना सुनिश्चित करें। पिहोवा चौक के नजदीक सर छोटू राम चौक पर पुलिस विभाग व आरटीए विभाग तालमेल से सड़क सुरक्षा के मापदंड अनुसार व्यवस्था बनाए, ताकि आवागमन में लोगों को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े और दुर्घटना होने की संभावनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने राजौंद में सीवरेज डालने व सड़क निर्माण को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग तथा लोक निर्माण विभाग को जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। टोल पर रात के समय लाइट बंद होने के विषय पर डीसी ने कहा कि आरटीए विभाग टोल पर सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण करेंगे तथा यदि रात के समय लाइट बंद होना पाया जाता है तो टोल के संबंधित अधिकारियों को नोटिस भेजा जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि लघु सचिवालय में बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चालकों के शत-प्रतिशत चालानिंग करें, इसमें कोई भी लापरवाही न बरती जाए।



गुहला चीका । सुपरवाइजर दीप्ति महिलाओं को सम्मानित करते हुए फोटो: हरिभूमि

## खरोदी में गर्भवती महिलाओं को दी आवश्यक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गांव खरोदी के आंगनबाड़ी केंद्र में समुदाय आधारित गतिविधि करवाई गई, जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म करवाई गई। सुपरवाईजर दीप्ति ने सभी महिलाओं को आवश्यक जानकारी देते हुए कहा कि सभी महिलाएं गर्भधारण करते ही आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकरण करवायें और वहां से पौष्टिक आहार अवश्य प्राप्त करें।

सुपरवाइजर दीप्ति ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि गर्भावस्था के दौरान पहली, दूसरी और तीसरी तिमाही पर चार प्रसव पूर्व जांच अवश्य करवाएं। इस जांच के दौरान खून की कमी, सूजन, वजन न बढ़ना, बीपी आदि की जांच करवानी चाहिए, जिससे समय रहते ही गर्भवती महिला की देखभाल की जा सकती है। दिन में कम से कम 5 बार पौष्टिक आहार लेना चाहिए, जैसे आयोडीन युक्त नमक, हरी पत्तेदार सब्जियां, अंकुरित अनाज, दालें प्रतिदिन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान आयरन फोलिक एसिड की गोलियां अवश्य लें। गर्भावस्था के दौरान टेटनस के दो टीके भी अवश्य लगवाएं। गर्भवती महिलाएं दिन में लगभग 2 घंटे आराम करने के साथ-साथ रात्रि में भी पूरी नींद लें। प्रसव हमेशा अस्पताल में ही करवाना चाहिए। शिशु के जन्म के तुरंत बाद मां का पहला गाढ़ा दूध अवश्य पिलाएं।

## कांग्रेस नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को किया सम्मानित

- रामचंद्र को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल । कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड का स्वागत करते गुर्जर समाज के लोग फोटो: हरिभूमि

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा समाज के गणमान्य व्यक्ति रामचंद्र गुर्जर ढांड को कैथल जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इसी उपलक्ष्य में शुक्रवार को गुर्जर भवन कैथल में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर रामचंद्र गुर्जर का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में रामचंद्र गुर्जर को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने कहा कि रामचंद्र गुर्जर का जिला अध्यक्ष बनना न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए, बल्कि पूरे गुर्जर समाज के लिए भी गर्व की बात है। उन्होंने अपनी मेहनत, ईमानदारी और समाजसेवा की भावना से हमेशा क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठ सदस्यों ने अपने विचार रखे। प्रधान सुरेश तंवर क्योड़क, उप-प्रधान शेर सिंह, सचिव एडवोकेट सतीश कुमार धौंस, कोषाध्यक्ष प्रदीप काकौत, सदस्य सोहन लाल, राजेश कुमार, पूर्व प्रधान शमशेर राठी, पूर्व चेयरमैन राजपाल तंवर क्योड़क, सरपंच मक्खन सिंह डोहर, रामस्वरूप गांगल, जीत सिंह भटेड़ी, लाभ सिंह ढाबी, सतीश कुमार ढांड सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि रामचंद्र गुर्जर एक मिलनसार और जुझारू नेता हैं।

### राजौंद क्षेत्र में मच्छरों के प्रकोप से लोग दुःखी

**राजौंद ।** क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों के प्रकोप से हर व्यक्ति परेशान है। आलम यह है कि शाम के समय जब वाहन चालक सड़क पर निकलते है तो वाहन चालक की आंख, नाक व मुंह में मच्छर घुस जाते है। जिससे बचने के प्रयास में कई बार वाहन चालक दुर्घटना ग्रस्त हो जाते है। शाम ढलने के बाद यह मच्छर लोगों को ओर भी परेशान कर देते है। दुपहिया वाहन चालकों के लिए साय के समय सड़क से निकलना किसी खतरे से खाली नही होता। इन मच्छरों से बचने के लिए दुपहिया वाहन चालक हालांकि हैलमेट पहनकर भी निकलते है लेकिन जो दुपहिया वाहन चालक गलती से बिना हैल्मेट के सड़कों पर गुजरते है उनके लिए यह मच्छर बहुत बड़ी परेशानी बने है।

## पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने का किया आह्वान

- खड़ालवा मटौर खेड़ी भांलग सेवा समिति ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल । पौधारोपण करते खड़ालवा मटौर खेड़ी भांलग सेवा समिति कैथल के पदाधिकारी फोटो: हरिभूमि

खड़ालवा मटौर खेड़ी भांलग सेवा समिति कैथल द्वारा गांव मटौर के खेल स्टेडियम में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतबीर सिंह कैत रेंज अधिकारी कैथल। अध्यक्षता रमेश सरपंच मटौर व समिति प्रधान पाल सिंह मौण ने की।मंच संचालन दलीप सिंह मटौर रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी ने किया। सतबीर सिंह कैत ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। पाल सिंह व समिति सदस्यों ने अपने विचार रखते कहा कि समिति ने पर्यावरण संतुलन व संरक्षण के लिए मिशन का संकल्प लिया है। दलीप सिंह ने बच्चों व ग्रामीणों को एक पौधा मां के नाम लगाने की अपील की। शिक्षा चेतना व नशे के विरुद्ध अभियान की भी अपील की।समाज सेवी मास्टर बलबीर सिंह मटौर ने शिक्षण संस्थानों व धार्मिक स्थलो को हरा-भरा बनाने के लिए समिति का आभार व्यक्त किया।

### बेटा-बेटी में भेदभाव की मानसिकता को त्यागना जरूरीः ममता

**कैथल ।** गांव मुंदडी में गिरते लिंगानुपात को सुधारने और कन्या भ्रूण हत्या रोकने के उद्देश्य से आज एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता गांव की सरपंच शशि बाला ने की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से स्वास्थ्य कर्मी सुषमा और ममता ने ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव की मानसिकता को त्यागना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि समाज को संतुलित और मजबूत बनाना है तो हर बेटी को जन्म लेने का अधिकार देना होगा।आशा वर्कर मेनका शर्मा ने कहा कि गांव के सभी लोग इस अभियान में सहयोग करें और अपनी अजन्मी बेटी को जीवन का हक दें। वहीं आशा संगनी सुमन ने कहा कि आज जिले की उपायुक्त, एसपी और सिविल सर्जन तीनों ही महिलाएं हैं और पूरे जिले का संचालन कर रही हैं। इससे यह साबित होता है कि बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। बैठक में मौजूद ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार और समाज में इस कुप्रथा को रोकने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर गांव के सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल, सभी आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



कैथल। ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।



गुरु गोबिंद सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, चीका के अधिकारी और विद्यार्थी।

### आर्थिक साक्षरता कार्यशाला का किया आयोजन

**गुहला चीका ।** गुरु गोबिंद सिंह राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, चीका मेंआत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत उद्यमशीलता पखवाड़ा के दौरान एक आर्थिक साक्षरता कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को वित्तीय प्रबंधन की मूलभूत बातों से अवगत कराना और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना था। इस अवसर पर धरमिंदर कथुरिया ने विद्यार्थियों को स्मार्ट निवेश, बजट निर्माण, बैंकिंग सेवाओं का उपयोग, क्रेडिट का सही प्रयोग, नियमित बचत, आय के विभिन्न स्रोत, और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी। विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और विशेषज्ञों से अपने प्रश्न पूछकर समाधान किया। भारतीय रिजर्व बैंक से आए विशिष्ट अतिथियों प्रदीप (स्टेट हेड), रविन्द्र (डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर), पूजा एवं नेहा और आरोहा फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि व्यवस्थित और सोच-समझकर किया गया धन प्रबंधन जीवन में स्थिरता और सफलता लाता है। संस्थान के प्राचार्य देविंदर राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया और कहा, आर्थिक रूप से जागरूक बनें और समाज में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं।

### झाड़ियां बन रही हादसों का कारण

**राजौंद ।** नगर के असंध कैथल मार्ग पर सड़क के दोनों और खड़ी झाड़ियां लोगों के लिए दुर्घटना का कारण बन रही है। कई जगह पर तो यह झाड़ियां सड़क की और बिल्कुल झुक कर खड़ी हैं जिससे वाहन चालक व पैदल चलने वाले राहगीर काफी परेशान हो चुके हैं। कई बार सड़क से साथ कच्चे में स्थान न होने के कारण पैदल व साइकिल चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं लेकिन संबंधित विभाग का इस ओर कोई ध्यान नही है, जिसे लेकर लोगों में भारी रोष है। इस बारे मदन, हरीपाल, सोमबीर, रामफल, राकेश कुमार, हवा सिंह ने बताया कि इस मुख्य मार्ग पर तो ऐसी स्थिति है कि सड़क की भरम के साथ झाड़ियां बिल्कुल सटी हुई है। जिससे रात के समय पता ही नहीं चलता जिससे कई बार दुर्घटना होने का भय बना रहता है। दूसरा सड़क की सफेद पट्टी तक झाड़ियां झुकी हुई जिससे वाहनों को भी सकरेंच लगने से नुकसान होता है। वाहन चालकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क के साथ साथ खड़ी झाड़ियों को कटवाकर उन्हें इस समस्या से छुटकारा दिलाया जाए।



राजौंद । असंध कैथल मार्ग पर सड़क के साथ साथ सटी झाड़ियां फोटो: हरिभूमि



कैथल । कार्यक्रम के दौरान बच्चो का परिचय लेती प्रिंसीपल प्रवीण ढिल्लो।

### इन्वेस्टिचर सेरेमनी, नन्हें नेताओं ने संभाली जिम्मेदारी

**कैथल ।** ध्रुव पब्लिक स्कूल ने 2025 की इन्वेस्टिचर सेरेमनी का भव्य आयोजन कुरुक्षेत्र के सैफ्रोन होटल में किया। इस मौके पर स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने अनुशासन, जिम्मेदारी और समर्पण के साथ अपनी नई भूमिकाओं को निभाने की शपथ ली। समारोह में स्कूल प्रबंधन, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम में उल्लास और उत्साह का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद चुने गए छात्र नेताओं को बैज पहनाकर जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपा गया। नए छात्र परिषद सदस्यों ने स्कूल की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने और विद्यालय को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का संकल्प लिया। स्कूल प्रिंसीपल प्रवीण ढिल्लो ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं और उनमें जिम्मेदारी निभाने का भाव पैदा करते हैं। उन्होंने नए पदाधिकारियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह दिन न केवल गर्व का प्रतीक है बल्कि एक नई शुरुआत का भी संकेत है, जिसमें छात्र अपनी मेहनत और ईमानदारी से विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक राजेश परुथी, रत्नलाल म्यूजिक अध्यापक सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### सीवन में भाजपा की बैठक, कार्यकर्ताओं को संगठन सुदृढ़ करने का दिया संदेश

# भारतीय जनता पार्टी की असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ : ज्योति सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी कार्यकर्ताओं की मीटिंग करते हुए फोटो: हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्यक्रमों को लेकर आज सीवन के बीडीपीओ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीवन मंडल अध्यक्ष प्रवीन रसूलपुर ने की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी और जिला प्रभारी ओमपाल राणा ने विशेष रूप से मौजूद रहकर बैठक का नेतृत्व किया।

बैठक में हल्का गुहला क्षेत्र के चारों मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री और मंडल प्रभारियों ने भाग लिया। संगठनात्मक चर्चा के साथ-साथ सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर हल्का गुहला से पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर भी उपस्थित रहे और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि भाजपा की असली ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ है। यदि कार्यकर्ता ईमानदारी और मेहनत से जनता तक पहुंचेगा तो पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की सही जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं, ताकि जनता सीधा लाभ उठा सके।

#### ये रहे मौजूद

सैनी ने यह भी कहा कि भाजपा केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि पार्टी कार्यकर्ता जनता के सुख-दुख में भी हमेशा खड़े रहते हैं। यही विचारधारा भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग पहचान देती है। जिला प्रभारी ओमपाल राणा ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और संगठन को मजबूती देने के लिए सक्रिय रहने पर बल दिया। पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने कहा कि भाजपा सरकार ने आमजन के हित में अनेक योजनाएं लागू की हैं, जिनका सीधा लाभ गांव-गांव तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच रहकर सरकार की उपलब्धियों को साझा करें और संगठन का विस्तार करें। इस अवसर पर शैली मुंजाल, संजय सैनी, कृष्ण आनंद, यशपाल राणा, जितेंद्र शर्मा व अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## नशीली दवा रखने के दो दोषियों को २०-२० साल की कैद और जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



अतिरिक्त सैशन जज मोहित अग्रवाल ने प्रतिबंधित नशीली दवाएं रखने के दो दोषियों को 20-20 साल की कैद और दो-दो लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। इस बारे में एसआई राजेंद्र सिंह ने 30 जुलाई 2021 को थाना पूंडरी में धारा 22सी और 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा नंबर 431 दर्ज करवाया था। जिला न्यायवादी सुखदीप सिंह ने बताया कि स्टेट की ओर से मामले की पैरवी पीपी बलिंदर सिंह ने की। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई 2021 को पुलिस पार्टी गांव हाबड़ी में मौजूद थी। एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि एक लैब संचालक नूतन कुमार लैब की आड़ में नशीली गोलियां बेचने का काम करता है। वह किसी को नशीली गोलियां देने के लिए अपने घर पर गया है। पुलिस ने उसके घर पर रेड की और उसे काबू कर लिया। जब नायब तहसीलदार पूंडरी जोगिन्द्र सिंह के सामने उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से ट्रामोडोल हाईड्रोक्लोराइड टेबलेट के 103 पत्ते मिले। प्रत्येक पत्ते में 10 गोलियां थी। इसके अतिरिक्त उसके पास के अल्प्राजोल के 26 पत्ते मिले। प्रत्येक पत्ते में 10 गोलियां थी। ड्रग कन्ट्रोल आफिसर मंदीप मान ने फोन पर बताया कि ये गोलियां प्रतिबंधित हैं। नूतन ने बताया कि उसने ये गोलियां सुनील कुमार निवासी गांव कुडलां जिला करनाल से खरीदी थी।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने घर से मोबाइल और नकदी चुराई

**कैथल।** गांव पबनावा के एक मकान से चोर तीन मोबाइल और ₹50000 की नकदी चुरा कर ले गए। गांव पबनावा के गौरव ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कर 20 अगस्त को उसके मकान में घुसकर वहां पर रख तीन मोबाइल फोन तथा ₹50000 की नकदी चुरा कर ले गए। मुख्य सिपाही दिलावर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुर्जर भवन की आजीवन सदस्यता प्रक्रिया शुरू

**कैथल।** गुर्जर भवन कैथल की पंजीकृत सोसाइटी ने समाज के लोगों को भवन से जुड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। सोसाइटी द्वारा आजीवन (लाइफ टाइम) सदस्य बनाए जा रहे हैं। इस संबंध में गुर्जर समाज के सभी सदस्यों को सूचना जारी की गई है। गुर्जर भवन सोसाइटी कैथल के प्रधान सुरेश तंवर क्योड़क ने बताया कि सदस्यता शुल्क केवल औपचारिकता नहीं है।

### पूर्व सरपंच पर किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप, केस

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल ने एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने और उसे गंदे इशारे करने के आरोप में गांव ग्योंग के पूर्व सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक किशोरी ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 18 अगस्त को गांव के पूर्व सरपंच बलवीर उर्फ पहाड़ी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। यह भी आरोप है कि आरोपी ने उसे गलत इशारे किए तथा एक गंदा लेटर भी लिख कर दिया।

### 25 को रोहतक में ताकत दिखाएगी इनेलो

**कैथल।** इनेलो कार्यकर्ताओं की बैठक में 25 सितंबर को पूंडरी फतेहपुर देवी मंदिर के पास होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। इनेलो हलकाध्यक्ष सुरजीत सिंह पबनावा और युवा जिलाध्यक्ष पार्षद देवेंद्र शर्मा ने बताया कि इस सम्मेलन में इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला और प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे।

### अवैध हथियार के दलाल को किया गिरफ्तार

**कैथल।** 16 अगस्त को स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने अवैध हथियारों की सप्लाई में शामिल तीन आरोपी काबू किए हैं। यूनिट प्रभारी एसआई रमेश चंद की अगुवाई में एसआई धर्म सिंह की टीम द्वारा करते हुए उनको अवैध असला अमुनेश दिलवाने में मध्यस्थता करने वाले आरोपी गांव राजपुर छाजपुर जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी अभिषेक उर्फ अभी को काबू कर लिया गया।

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल

**राजौंद।** गांव किछाना कुई के पास कार चालक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो महिलाओं सहित बाइक चालक गंभीर से घायल। जिन्हें सीएचसी में भर्ती करवाया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें कैथल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने गाड़ी और मोटरसाइकिल को साइड में लगवाकर रास्ता खुलवाया।

### बिजली निगम ने चलाया चोरी पकड़ो अभियान

**अलेवा।** बिजली निगम चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए गंभीर हो गया है। निगम ने चार माह में 113 लोगों पर 23 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। नगूरां निगम एसडीओ आन्नंद ने बताया कि लाइन लोस बढने से निगम उच्च अधिकारियों ने बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### कारोबारी से धोखाधड़ी का आरोपी किया गिरफ्तार

**कैथल।** रबड़ कारोबारी से 4 करोड़ की धोखाधड़ी में इकनॉमिक सैल के पीएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते हुए हावड़ा पश्चिम बंगाल निवासी उत्पल कुमार चौधरी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

---

### चाबा गांव में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन

# एडीसी ने निपटाई शिकायतें, ग्रामीणों से नशा रोकने में भी मांगा सहयोग

**एडीसी ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, मौके पर हुई समस्याओं की सुनवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुहला-चीका





**गुहला-चीका।** एडीसी दीपक बाबू लाल करवा प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए तथा नशा न करने की शपथ दिलाते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

हर माह गांव में आयोजित होने वाले रात्रि प्रवास कार्यक्रम के तहत वीरवार को गांव चाबा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में एडीसी दीपक बाबूलाल करवा, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, एसडीएम कैप्टन प्रमेश व डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके साथ गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुने।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य जनता के द्वार पर पहुंच कर उनकी समस्याओं को जानना तथा उनको दूर करना है। कार्यक्रम के दौरान जो भी समस्याएं आई है उनको समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी देते हुए आमजन से सोलर सिस्टम लगवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सोलर सिस्टम पर अनुदान दिया जा रहा है, बिल्कुल नाम मात्र रुपये में ग्रह सिस्टम लग जाता है। लोगों को बिजली के बिलों में भी बड़ी राहत मिलती है । इसके साथ ही उन्होंने महिलाओं और बच्चों को कुपोषण से मुक्त रहने के लिए अच्छा खान पान लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गांव के लोगों ने घग्गर पार का होने के चलते गांव को लेकर जो समस्याएं रखी हैं, पूरा प्रयास किया जाएगा कि इन समस्याओं का समाधान हो।

कार्यक्रम में चाबा सहित आस-पास के गांवों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं जैसे खराब सड़कें, चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, नशे की समस्या के समाधान, स्टेडियम की चारदीवारी, बिजली बिल, पेंशन, जमीन विवाद, गांव में साफ-सफाई संबंधी समस्याएं रखीं। साथ ही गांव में रोडवेज बस सेवा, बैंक ब्रांच खोलने, सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की। शेष मांगो के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ताकि लोगों को समस्याएं न हों।

#### अपराधों से बचने को सजग रहे समाज

एडीसी दीपक बाबू लाल करवा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि खुले दरबार में जो भी शिकायतें आई हैं, उनका त्वरित समाधान करवाया जाएगा। लोगों से अपील है कि वे नशे के खात्मे में नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहयोग दें। क्षेत्र की सड़क संबंधी शिकायतों पर जल्द संज्ञान लिया जाएगा। इस क्षेत्र की काफी संख्या में सड़कों के टेंडर लगा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रात्रि प्रवास कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाना है। उन्होंने कहा कि अपराधों से बचाव के लिए समाज को सजग रहना जरूरी है और किसी भी फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 नंबर पर शिकायत करें और नशा मुक्त हरियाणा बनाने को लेकर शपथ दिलाई। इससे पूर्व गांव की सरपंच राजेंद्र कौर, प्रतिनिधि होशियार सिंह सहित गांव के लोगों ने एडीसी दीपक बाबू लाल करवा सहित जिला प्रशासन का स्वागत किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीआरओ चंद्रमोहन, डीडीपीओ रितु लाठर, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी नसीब सैनी, रेडक्रॉस सोसायटी सचिव रामजी लाल, एलडीएम एसके नंदा, जिला बागवानी अधिकारी डॉ हीरालाल, सीडीपीओ शशि बाला, नायब तहसीलदार बंसी लाल, बीईओ बलबीर कश्यप, सुरेश कौशिक अधीक्षक, जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील कुमार डॉ. बीरबल दलाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

---



**जींद।** एसएण्डीण्महिला कॉलेज में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को जानकारी देते हुए।

# एसडी कॉलेज में छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम

- नई छात्राओं को कॉलेज के बारे में दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

सनातन धर्म महिला महाविद्यालय नरवाना में नया प्रवेश लेने वाली छात्राओं के लिए रखे गए ओरिएंटेशन प्रोग्राम के दूसरे दिन में छात्राओं को महाविद्यालय के विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकोष्ठों व कमेटियों बारे जानकारी दी गई। एनसीसी के बारे में एएनओ डा. नयनदीप ने एनसीसी की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। रेडक्रॉस प्रभारी डा. अनीता छाबड़ा ने छात्राओं को बताया कि कैसे मानवता की सेवा तथा पीड़ित लोगों को चिकित्सीय मदद रेडक्रॉस के माध्यम से की जाती है। एनएसएस प्रभारी मधु शर्मा ने जीवन में समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा एनएसएस के माध्यम से राष्ट्र हित हेतु किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से बताया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डा. शालू सचदेवा ने इस प्रकोष्ठ के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाते हुए कॉलेज में करवाई जाने वाली गतिविधियों बारे जानकारी दी। फैशन डिजाइनिंग प्रभारी अंजू ने फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में बढ़ते रोजगार के अवसरों बारे बताया। मनजीत ने लाइब्रेरी के नियमों व लाइब्रेरी में उपलब्ध सुविधाओं बारे बताया। विज्ञान संकाय के बारे में निशाए कॉमर्स विभाग के बारे में रितुए कंप्यूटर विभाग के बारे में रेनू ने विस्तार से बताया तथा अपने-अपने विभागों द्वारा चलाई जाने वाले विविध सर्टिफिकेट कोर्स बारे जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्या डा. अंजना लोहान ने छात्राओं को संबोधित किया तथा कहा कि हम दिल से चाहते हैं कि हमारी बेटियां जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो। हमारा कॉलेज न केवल आपको सिर्फ शिक्षा प्रदान करता है अपितु संस्कारवान व सामर्थ्यवान बनाता है। संस्था के प्रधान सुरेश सिंघलए उप प्रधान राजकुमार गोयलए महासचिव जियालाल गोयलए कोषाध्यक्ष धर्मवीर ने नया प्रवेश लेने वाली छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

---

# अश्वारोही खिलाड़ी दिव्यकृति का जिंदल स्टील ने किया सहयोग

- अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए एक करोड़ की दी सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



**कैथल।** 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता का चैक प्रदान करते सांसद नवीन जिंदल। *फोटो: हरिभूमि*

देश की उभरती हुई अश्वारोही खिलाड़ी दिव्यकृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता दिलाने के उद्देश्य से जिंदल स्टील ने खेल मंत्रालय के नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड के माध्यम से 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। सहयोग उनके यूरोप में होने वाले प्रशिक्षण के लिए दिया गया है, जिससे वह एशियन चैंपियनशिप 2025 और एशियन गेम्स 2026 की तैयारियों को नई दिशा दे सकेंगी। जिंदल स्टील के चेयरमैन एवं कुरुक्षेत्र से सांसद नवीन जिंदल ने इस अवसर पर युवा मामलों और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया को चेक भेंट किया। उन्होंने कहा कि दिव्यकृति की कड़ी मेहनत और प्रतिभा पर उन्हें गर्व है। नवीन जिंदल ने कहा कि जिंदल स्टील हमेशा से देश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारा विश्वास है कि सही मार्गदर्शन और अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण हमारे खिलाड़यों को विश्व पटल पर सफलता दिला सकता है, और दिव्यकृति इसका बेहतरीन उदाहरण हैं। दिव्यकृति ने इस सहयोग के लिए सांसद नवीन जिंदल और खेल मंत्रालय का आभार जताते हुए कहा कि यह सहयोग उनकी तैयारी को और मजबूती देगा और उन्हें अपने लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा।

---

# लंबित शिकायतें समय पर करें अपलोड

- डीसी ने समाधान प्रकोष्ठ को लेकर ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी। *फोटो: हरिभूमि*

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि पारदर्शी व प्रभावी समाधान से जनता का जिला प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। इसी उद्देश्य को लेकर अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। लंबित शिकायतों को स्वयं अधिकारी मॉनिटिरिंग करें, तय समय सीमा में पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करें और उसकी रिपोर्ट भी भिजवाएं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय में समाधान प्रकोष्ठ को लेकर अधिकारियों समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का जिला स्तर पर निवारण हो जाए तो तुरंत पोर्टल पर अपलोड करें। यदि कोई डिमांड है तो उसे स्पष्ट करते हुए पोर्टल से हटवाएं। लंबित शिकायतों का निवारण प्राथमिकता से किया जाए। इसी प्रकार जो शिकायतें रिओपन हुई है, उन पर भी आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के त्वरित निस्तारण को प्रशासन की प्राथमिकता में सबसे ऊपर रखा जाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इन शिकायतों की निगरानी कर रहे हैं और समय-समय पर प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

#### समाधान करते समय मानवीय दृष्टिकोण रखें

डीसी ने कहा कि समाधान शिविरों, सीएम विंडो व जनसंवाद पोर्टल के माध्यम से आने वाली शिकायतों का समाधान केवल कानूनी पहलुओं के आधार पर नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण और व्यवहारिक समझ के साथ किया जाए। जिससे सुशासन की नींव और मजबूत हो। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों को यदि जिम्मेदारी और संवेदनशीलता से निपटाया जाएए तो बार-बार एक ही मुद्दे पर शिकायतों की पुनरावृत्ति भी कम हो जाएगी। बैठक में एडीसी विवेक आर्य, एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र दून, डीआरओ राजकुमार, डीएसपी संदीप कुमार, डीएफओ मनीष ग्रोवर, कार्यकारी अभियंता विकास मलिक, भानू शर्मा, प्रदीप कुमार समेत संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

सुप्रीम स्कूल में 58वीं जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डिप्टी डीईओ प्रदीप दहिया, बीईओ अलेवा रामफल, बीईओ जींद राजपाल, एईओ सुरेंद्र सिंह, अमित कुमार, पूनम दलाल ने शिरकत की। मुख्यअतिथियों ने विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और खेलों के महत्व को बताते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डा. डीपी जैन उपाध्यक्ष बलवान कौशिक, निदेशक शरद अत्री, विकास शर्मा और सुरेंद्र ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

---




**नरवाना।** किड्स मेलोडी प्ले स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जागरूक करती हुई नगर परिषद की टीम। *फोटो: हरिभूमि*

# किड्स मेलोडी प्ले स्कूल में विद्यार्थियों को कचरे से निपटने की दी जानकारी

**नरवाना।** नगर परिषद नरवाना द्वारा किड्स मेलोडी प्ले स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को स्वच्छता का महत्व और कचरे का सही तरीके से निपटान करना सिखाया गया। नगर परिषद नरवाना की टीम ने स्कूल का दौरा किया। टीम सदस्यों ने बच्चों को सफाई रखने और गंदगी न फैलाने की समझ दी। डबल डस्टबीन प्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि हरे डस्टबीन में गीला कचरा और नीले डस्टबीन में सूखा कचरा कागजए पॉलिथीनए प्लास्टिकए रैपर आदि डालने चाहिए। बच्चों को यह भी बताया गया कि गीले कचरे से खाद बनाई जा सकती है और सूखे कचरे को पुनर्चक्रित किया जा सकता है।

---

# पर्यावरण संरक्षण समय की मांग

- पीजी कॉलेज की समीक्षा बैठक में बाजार की तैयारियों पर चर्चा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद



**जींद।** मीटिंग की अध्यक्षता करते प्राचार्य। *फोटो: हरिभूमि*

राजकीय पीजी कालेज में शुक्रवार को उच्च शिक्षा विभाग पंचकूला द्वारा प्रस्तावित पर्यावरण जागरूकता, एक दिवसीय बाजार की तैयारी को लेकर बैठक हुई। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से इसके संरक्षण में भागीदार बनाना है। बैठक की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। जिसमें कार्यक्रम से जुड़े सभी विभागों के इंचार्ज मौजूद रहे। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्यों और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। जिसका उद्देश्य लोगों में जागरूकता फैलाना, व्यक्तिगत व्यवहार में बदलाव लाना और पर्यावरण संरक्षण के व्यावहारिक उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। छात्रों और समाज को जैव विविधता व वनों के महत्व से अवगत कराया जाएगा। प्रदूषण व पर्यावरणीय क्षरण रोकने की सोच विकसित होगी नोडल अधिकारी डा. मंजीत श्योकंद ने बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रदर्शनी, रिसाइकल्ड प्लास्टिक वस्तुओं का प्रदर्शन व पर्यावरण पर चर्चा की।

---

### खंड शिक्षा अधिकारी ने प्राइवेट स्कूल संचालकों के साथ की बैठक

# शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने पर किया मंथन

- युवाओं को नशे से दूर रखने का आह्वान, स्कूलों ने बीईओ को दिया सहयोग का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना



**नरवाना।** लघु सचिवालय में प्राइवेट स्कूलों के मुखियाओं के साथ बैठक करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र आजाद। *फोटो: हरिभूमि*

खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र आजाद की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में खंड नरवाना शहर व अधीनस्थ सभी गांवों के प्राइवेट विद्यालय मुखियाओं की एक बैठक हुई। जिसमें विद्यालय स्तर पर शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचा उठाने पर गहन चर्चा हुई। जिसमें गलत संगति के कारण नशे की गिरफ्त में आ चुके बच्चों में निरंतर संस्कार की कमियों को दूर करनेए चरित्र निर्माण के साथ-साथ अन्य बहुत विषयों पर सुझाव व निवारण पर गहन चिंतन मंथन किया गया। बैठक में विद्यालय मुखियाओं ने अपने-अपने विचार रखे। प्राइवेट स्कूल संघ के प्रधान सतीश कुमार ने सभी प्राइवेट स्कूलों की तरफ से खंड शिक्षा अधिकारी को आश्वस्त किया कि शिक्षा विभाग की तरफ से आने वाले सभी आदेशों की दृढ़ता से पालना की जाएगी। इस अवसर पर अधिकांश विद्यालय मुखियाओं द्वारा इस बैठक व खंड शिक्षा अधिकारी के कुशल नेतृत्व की भूरी भूरी प्रशंसा की। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने बैठक में पहुंचने वाले सभी प्राइवेट मुखियाओं का धन्यवाद किया।

#### नैतिक शिक्षा और चरित्र निर्माण पर दिया जोर

खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र आजाद ने स्कूल मुखियाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको मिलकर नरवाना क्षेत्र के शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचा उठाना पड़ेगा। जिसके लिए हमें नैतिक शिक्षा पर जोर देते हुए चरित्र निर्माण शिविरों का आयोजन करना है। प्रतियोगिता के इस युग में इंसानियत पीछे ना छूट जाएए इस तथ्य को विशेष ध्यान में रखना है। हम सब मिलकर विद्यार्थी समृद्ध जीवन को बनाने के लिए अनेक प्रकार के कार्य योगए खेलए पुस्तकालय, वाचन, लेखन, सुलेख और साहित्य अनेक विधाओं के साथ.साथ समृद्ध व्यक्तित्व निर्माण का कार्य करें ताकि समृद्ध राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

---

# डॉ. अमित सैन को मिलेगा ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड

- स्वास्थ्य, शिक्षा व समाज सेवा में योगदान के लिए किया चयन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना



ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड के लिए चयनित डा. अमित सैन।

सामाजिक संस्था राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा आयोजित होने वाले ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड समारोह में इस बार आगामी पांच अक्टूबर को नरवाना के प्रसिद्ध समाजसेवी व चिकित्सक डाण अमित सैन को सम्मानित किया जाएगा। डा. अमित सैन ने स्वास्थ्यए शिक्षाए समाज सेवा और संस्थागत नेतृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बनने का कार्य किया है। राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि अपने निस्वार्थ सेवाभाव और समाजहित के कार्यों की बदौलत डा. अमित सैन आज नरवाना ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में प्रेरणा का स्त्रोत बने हुए हैं और अब उन्हें नैशनल लेवल पर ग्लोबल रोल मॉडल अवार्ड से नवाजा जाएगा। डा. अमित सैन ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाते हैं।